राज्यपाल सचिवालय
राजभवन, जयपुर

# महात्मा ज्योतिबा फुले जयन्ती पर राज्यपाल ने किया नमन

जयपुर, 10 अप्रेल। राज्यपाल श्री कलराज मिश्र ने महात्मा ज्योतिबा फुले जयन्ती (11 अप्रेल) पर उनको नमन करते हुए देश और प्रदेशवासियों से उनके सिद्धांतों पर चलने का आह्वान किया है।

राज्यपाल श्री मिश्र ने कहा कि महात्मा फुले ने वंचित वर्ग के उत्थान और समाज में व्याप्त बुराइयों को दूर करने के लिए अपना पूरा जीवन लगा दिया। उन्होंने महात्मा फुले के विचारों का अनुसरण करते हुए सभी से समाज में शिक्षा और समरसता का उजास फैलाने की अपील की है।

---------